दिनांक : 05.10.2025 समय : 07.10पीएम

**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**सांध्यकालीन समाचार**

**मुख्य समाचार :—**

- मुख्यमंत्री ने गुवाहाटी में निवेश सत्र को किया संबोधित। कहा—प्रदेश में उद्योग के लिये है कई संभावनाएं।
- छिंदवाड़ा में अब तक 14 बच्चों की मौत की पुष्टि। कफ सिरप निर्माता कंपनी पर एफआईआर दर्ज।
- प्रदेश में कई हिस्सों में भारी बारिश जारी। 15 जिलों में यलो अलर्ट।
- विश्व कप एक दिवसीय महिला क्रिकेट में भारत—पाकिस्तान की टीम के बीच मुकाबला जारी।

**मुख्यमंत्री—असम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव असम प्रवास पर हैं। इस दौरान उन्होंने विश्व प्रसिद्ध काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने असम के चाय बागानों का भी दौरा किया, जहां उन्होंने खेती की प्रक्रिया का अवलोकन किया और श्रमिक बहनों एवं स्थानीय किसानों से संवाद किया। असम प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने गुवाहाटी में आयोजित *Interactive Session on Investment Opportunities in Madhya Pradesh* का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने निवेशकों से मध्यप्रदेश में निवेश करने का आग्रह करते हुए कहा कि प्रदेश हर क्षेत्र में तीव्र गति से प्रगति कर रहा है।

**छिंदवाड़ा : 14 बच्चों की मौत**

छिंदवाड़ा जिले में कफ सिरप पीने से अब तक 14 बच्चों की मौत हो गई है। छिंदवाड़ा एडीएम धीरेंद्र सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि 14 लोगों को मुख्यमंत्री द्वारा घोषित की गई चार—चार लाख रुपए की सहायता राशि दी गई है। जिसमें 11 बच्चे परासिया के दो बच्चे छिंदवाड़ा की और एक चौरई का है।

वहीं राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश में कफ सिरप को प्रतिबंधित करते हुए डॉक्टर और निर्माता कंपनी पर एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं डॉक्टर प्रवीण सोनी को कल रात गिरफ्तार कर लिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने बताया कि..

**राज्यपाल—दमोह**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज दमोह जिले के जबेरा विधानसभा क्षेत्र के सिंग्रामपुर पहुंचे। इस अवसर पर उनके साथ केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके विशेष रूप से उपस्थित रहे। राज्यपाल ने वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती पर सिंग्रामपुर स्थित विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और समीप वृक्षारोपण भी किया। आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने अपने संबोधन में आयोजन की सराहना की और शुभकामनाएँ दीं। राज्यपाल ने आदिवासी साथियों से संवाद किया और सहभोज में भी शामिल हुए। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों और

**नर्मदा महोत्सव**

जबलपुर के भेड़ाघाट में आज से दो दिवसीय नर्मदा महोत्सव का भव्य शुभारंभ हो रहा है। संगमरमरी वादियों और धुआंधार जलप्रपात के समीप मुक्ताकाशी मंच पर शाम 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। शरद पूर्णिमा पर आयोजित इस महोत्सव का यह लगातार 22वां वर्ष है। पहले दिन सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण "हर हर शंभु" फेम पुरी की अभिलिप्सा पांडा होंगी, जो भजनों की प्रस्तुति देंगी। महोत्सव में रानी दुर्गावती पर आधारित नृत्य—नाटिका, भरतनाट्यम, शास्त्रीय गायन, कालबेलिया और घूमर जैसे लोकनृत्यों की भी प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, और अध्यक्षता राज्यसभा सदस्य सुमित्रा बाल्मीक करेंगी।

**भवन लोकार्पण–सतना–मोहन भागवत**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का आज मध्यप्रदेश के सतना जिले में नए भवन के लोकार्पण में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारत की एकता को भाषा, धर्म या क्षेत्रीय पहचान से नहीं, बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से देखना होगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

**जीएसटी सुधार– हिमाचल प्रदेश**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की थी जो 22 सितंबर से शुरू हुआ है। यह पूरे देश में लाभकारी साबित हो रहा है। आज इस कड़ी में पेश है हिमाचल प्रदेश के उद्योगों पर जीएसटी सुधारों के प्रभाव की। एक रिपोर्ट–

**रिपोर्ट–...**

जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून विदाई से पहले जमकर बरस रहा है। मौसम विभाग ने बताया है कि प्रदेश के कई हिस्सों में आज भी बारिश का दौर जारी रहेगा। अब तक 13 जिलों से मानसून विदा हो चुका है। जबकि बाकी जिलों से 10 अक्टूबर तक विदाई की संभावना है। शनिवार को भोपाल में तेज बारिश दर्ज की गई। इंदौर, बैतूल, रीवा, सागर, सतना, सीधी, उमरिया और खजुराहो सहित 15 जिलों के लिए यल्लो अलर्ट जारी।

**महिला क्रिकेट – विश्व कप**

कोलंबो में एकदिवसीय महिला क्रिकेट विश्व कप में पाकिस्तान के साथ मैच में भारत ने पहले खेलते हुए 247 रन बनाए हैं। भारत की ओर से हरलिन देओल ने सर्वाधिक 46 रन बनाए। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित किया था।

भारत ने अब तक पाकिस्तान के खिलाफ सभी 11 मुकाबले जीते हैं।

**विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप**

नई दिल्ली में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में, भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छह स्वर्ण सहित 18 पदक जीते हैं। यह पैरालिम्पिक खेलों में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले, भारत ने जापान में पिछले वर्ष आयोजित पैरालिम्पिक में 17 पदक जीते थे।

**एथलेटिक्स समारोह**

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 36वां क्षेत्रीय एथलेटिक्स समारोह एवं अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर भोपाल में किया जाएगा। इसी क्रम में आज मशाल यात्रा का आयोजन किया गया।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- सीहोर के तहसील चौराहे पर निशुल्क स्तन कैंसर मेमोग्राफी जांच और सर्वाइकल कैंसर जांच शिविर का शुभारम्भ विधायक सुदेश राय ने किया। शिविर में करीब 282 से अधिक मरीजों की जांच की गई
- नीमच जिले में आज भावांतर जागरूकता वाहन रैली का आयोजन किया गया। वाहन रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए मंडी प्रांगण पहुंची।
- नर्मदापुरम जिले के भारत स्काउट एंड गाइड राष्ट्रीय शासन संस्थान पचमढ़ी में पांच दिवसीय 526 वां राष्ट्रीय साहसिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में, वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत हरियाणा राज्य के 256 स्काउट गाइड ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

- राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत आज भोपाल में वन्यजीव संरक्षण के लिये रन फॉर वाईल्ड लाईफ दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में विभिन्न अशासकीय संस्थाओं एवं पर्यावरण में रूचि रखने वाले लगभग 600 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

———————————